संत थॉमस स्कूल धुर्वा,राँची–4

द्वितीय आवधिक परीक्षा

(सत्र–2021–22)

कक्षा–2 (कक्षा कार्य कॉपी में लिखिए।)

विषय–हिन्दी पाठ–11 बादल और किसान

शब्दार्थ लिखिए–

(क) भविष्यवाणी–आगे होने वाली घटनाओं को बताना

(ख) जुताई–हल चलाना (ग) घने–गहरे (घ) अचरज–हैरानी

(ड़) मूसलाधार–बहुत तेज़

1.सोचिए और बोलिए–

प्रश्न1–किसानों ने क्या करना बंद कर दिया ?

उत्तर– किसानों ने खेतों में काम करना बंद कर दिया।

प्रश्न2–किसान को खेत में हल चलाता किसने देखा ?

उत्तर– किसान को खेत में हल चलाता घने काले बादलों ने देखा।

2.सोचिए और लिखिए–

प्रश्न1–पंड़ितों ने क्या भविष्यवाणी की ?

उत्तर– पंड़ितों ने भविष्यवाणी की और कहा देश में अगले पाँच साल तक पानी नहीं बरसेगा।

प्रश्न2–एक बादल ने किसान से क्या कहा ?

उत्तर– किसान से बादल ने कहा क्या तुम्हें मालूम नहीं कि अगले पाँच साल तक पानी नहीं बरसेगा।

प्रश्न3–बादल बरसने से क्या हुआ ?

उत्तर–बादलों के बरसने से चारों तरफ़ हरियाली छा गई।

प्रश्न 4– सही उत्तर का चुनाव कीजिए–

1–(ग) अगले पाँच साल तक पानी नहीं बरसेगा।

2–(ख) चारों तरफ़ हरियाली छा गई।

प्रश्न 5– किसने कहा ? रेखा से मिलाइए–

(क) देश में अगले पाँच साल तक पानी नहीं बरसेगा। – पंड़ितों ने।

(ख) अगर हम नहीं बरसेंगे तो सुखा पड़ जाएगा। – किसी ने भी नहीं।

(ग) तुम खेत में काम क्यों कर रहें हो ?– एक बादल ने।

(घ) यदि मैं पाँच साल तक नहीं करुँगा, तो काम करना ही भी जाऊँगा। –किसान ने।

(ड़) भाईयों,किसान का कहना ठीक है। – बूढ़े बादल ने।

हिन्दी व्याकरण कक्षा कार्य कॉपी में लिखिए–

अनुच्छेद लेखन – गाय

गाय एक पालतू जानवर है। गाय काली, भूरे, लाल,चितकबरी आदि रंग की होती हैं। गाय के चार पैर, दो सींग, चार थन और एक लंबी पूँछ होती हैं। गाय घास,चारा और भूसा खाती हैं। गाय का दूध बहुत स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। गाय के दूध से दही, पनीर, चीज़, मक्खन, घी और मिठाईयाँ बनती हैं। गाय के घर को गौशाला कहते है। गाय का गोबर और गौमूत्र बहुत उपयोगी होता है। भारत देश में गाय को गौमाता कहा जाता है। हमें गाय की सेवा करनी चाहिए।